II--157
C.J.

Wittness No..........**11...**......for.........**अभियोजन साक्षी..**..............Deposition taken ------------

the.......**17-10-2023-**..day of .....**मंगलवार** Wittness's apparent age.........**41 वर्ष** .............

States on affirmation.............**शपथ पूर्वक..**...............my name is.........**कसिमुद्दीन अंसारी**...........

w/**Son** of................**स्व० मो० सब्बीर अहमद**............occupation...**आरक्षक क्र०-872** ......................

address..........**थाना उदयपुर, जिला सरगुजा छ०ग०**

---

**<u>नोटः-</u> उपर्युक्त प्रारूप में साक्षी का नाम, पता मेरे द्वारा पूछकर टंकित कराया गया है।**

**<u>साक्ष्य प्रारंभ-12:48 बजे</u>**

**<u>// मुख्य परीक्षण द्वारा श्री विनोद कुमार शर्मा अति० लोक अभियोजक//</u>**

**01-** मैं दिनांक-28.06.2021 से आज दिनांक तक आरक्षक के पद पर थाना उदयपुर में पदस्थ हूँ।

**02-** थाना उदयपुर के अपराध क्रमांक 118/2022, धारा-306 भा०दं०सं० के प्रकरण में मृतिका पवित्रा अगरिया का स्लाईड सीलबंद पैकेट प्रदर्श A एवं संलग्न प्रपत्र 01 से 08 तक थाना प्रभारी उदयपुर द्वारा रासायनिक परीक्षण कर अभिमत देने हेतु क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला अम्बिकापुर, जिला सरगुजा में जमा करने हेतु दिया गया था, जिसे संयुक्त संचालक क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला अम्बिकापुर में जमा किया था, जिसकी पावती दिनांक-16-09-2022 है। संयुक्त संचालक को प्रेषित ज्ञापन **प्र०पी० 14** है, जो कुल दो पृष्ठ में है एवं प्राप्त पावती **प्र०पी० 15** है।

**<u>// प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री उमेश चंद अधिवक्ता विधिक सहायता, वास्ते अभियुक्त सामपाल/</u>**

**03—** यह कहना सही है कि स्लाईड सीलबंद पैकेट प्रदर्श A एवं संलग्न प्रपत्र 01 से 08 को रासायनिक परीक्षण हेतु ले जाने के संबंध में ड्यूटी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है, स्वतः कहा कि अन्य कार्यो सहित रासायनिक परीक्षण सहित साथ में ड्यूटी प्रमाण पत्र मिला था। यह कहना सही है कि उक्त ड्यूटी प्रमाण पत्र किस किस प्रकरण में और किस अपराध में प्राप्त हुआ था, आज नहीं बता सकता।

**साक्ष्य समाप्त—1:10 बजे।**

**वाचित/स्वीकृत** **मेरे निर्देश पर टंकित।**

**सही/—**
**(ओ०पी० जायसवाल)**
**पंचम अपर सत्र न्यायाधीश**
**अम्बिकापुर, सरगुजा (छ०ग०)**

**सही/—**
**(ओ०पी० जायसवाल)**
**पंचम अपर सत्र न्यायाधीश**
**अम्बिकापुर, सरगुजा (छ०ग०)**

**साक्षी के हस्ताक्षर**